श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 117, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शुक्रवार, 4 दिसम्बर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

## मध्यप्रदेश : खंडवा में बारातियों से भरा वाहन पलटा, दूल्हे समेत सात लोगों की गई जान

**वाहन में 70 से ज्यादा लोग सवार थे। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि मरने वालों की संख्या और घायलों की संख्या में और इजाफा हो सकता है। कुछ लोगों के मुताबिक मौत का आंकड़ा आठ और घायलों की संख्या 30 से अधिक बता रहे हैं।**



**खंडवा, जेएनएन।** मध्य प्रदेश में एक बड़ा सड़क हादसा हो गया है। यहां खंडवा-बैतूल हाइवे पर गांव मेहलू के पास ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गई। इस हादसे में सात लोगों के मरने की जानकारी मिली है। इस दुर्घटना में 25 से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं। इनमें से छह लोगों की हालत गंभीर है। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर ट्रॉली में बाराती सवार थे। घायलों को हरसूद और खालवा के अस्पताल में पहुंचाया गया है। इस हादसे में दूल्हे की भी मौत हो गई है। हादसे के बाद पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह घटनास्थल पहुंचे हैं।

जानकारी के मुताबिक, वाहन में 70 से ज्यादा लोग सवार थे। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि मरने वालों की संख्या और घायलों की संख्या में और इजाफा हो सकता है। कुछ लोगों के मुताबिक, मौत का आंकड़ा आठ और घायलों की संख्या 30 से अधिक बता रहे हैं। घायलों को लाने के लिए पांच एंबुलेंस भेजी गई हैं। मिली जानकारी के मुताबिक, जैसे ही ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी वैसे ही उसमें सवार लोग नीचे जा गिरे। इसके बाद उन पर ट्रैक्टर ट्रॉली जा गिरी। घटना के बाद इलाके में अफरा तफरी का माहौल हो गया है। खंडवा कलेक्टर के भी दुर्घटनास्थल पर पहुंचने की सूचना मिली है। अब जख्मी लोगों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा जा रहा है।

## कोविड-19 गाइडलाइंस के उल्लंघन को लेकर सुप्रीम कोर्ट गंभीर, कार्यान्वयन को लेकर मांगे सुझाव

**नई दिल्ली, प्रेट्र।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कोविड-19 गाइडलाइंस का उल्लंघन करने वालों को लेकर गंभीरता प्रकट की और इन्हें सख्ती से लागू करने व कार्यान्वयन करने को लेकर सुझाव मांगे हैं। ये गाइडलाइंस सार्वजनिक जगहों पर फेसमास्क पहनने, शारीरिक दूरी के नियमों का उल्लंघन को लेकर दिए गए थे।



फेस मास्क व शारीरिक दूरी संबंधित गाइडलाइंस के सख्त कार्यान्वयन को लेकर जस्टिस अशोक भूषण की बेंच ने केंद्र की ओर से सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता व अन्य साझीदारों से भी सुझाव देने को कहा है। बेंच में शामिल जस्टिस आर सुभाष रेड्डी व एमआर शाह ने हिमाचल प्रदेश सरकार से राज्य में कोविड-19 संक्रमित मरीजों के इलाज को लेकर मौजूदा सुविधा और इंफ्रास्ट्रक्चर संबंधित रिपोर्ट देने को कहा है।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए की गई सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट को हिमाचल प्रदेश में संक्रमितों की इलाज के लिए पर्याप्त व्यवस्था न होने की बात कही गई थी। इससे पहले भी सुप्रीम कोर्ट ने देश में संक्रमण के मामलों के बढ़ते आंकड़े पर चिंता जाहिर की थी। कोर्ट ने कहा था कि दिल्ली में महामारी के हालात काफी खराब हैं और गुजरात में यह अनियंत्रित हो चला है। अस्पतालों में मृतकों के शव के प्रबंधन व मरीजों के उचित देखभाल मामले पर कोर्ट में सुनवाई की जा रही थी।स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, गुरुवार को देश में 89 लाख 73 हजार 3 सौ 73 लोग संक्रमण से स्वस्थ हुए हैं और अभी यहां 4 लाख 22 हजार 9 सौ 43 सक्रिय मामले हैं। पिछले 24 घंटे में हुई मौतों के बाद देश में मृतकों की संख्या बढ़कर अब 1 लाख 38 हजार 648 हो गई है। हालांकि देश में कोरोना वायरस संक्रमितों का आंकड़ा पिछले कई दिनों से कम होता जा रहा है।

## पीएफआइ के 29 ठिकानों पर देशव्यापी छापे, ED ने की मनी लॉन्ड्रिंग कानून के तहत कार्रवाई

**पीएफआइ के 29 ठिकानों पर देशव्यापी छापे। ईडी ने मनी लांड्रिंग रोकथाम कानून के तहत की कार्रवाई। पैसे के लेन--देन से जुड़े सुबूतों को इकट्ठा करने की कोशिश। देशभर में पीएफआइ से जुड़े 29 ठिकानों पर छापा मारा।**

**नई दिल्ली, ब्यूरो।** प्रवर्तन निदेशालय ([ईडी)] दिल्ली और बेंगलुर दंगों के आरोपों में घिरी पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया ([पीएफआइ)] की फंडिंग की तह तक पहुंचने की कोशिश में जुट गया है। इस सिलसिले में ईडी ने मनी लांड्रिंग रोकथाम कानून के तहत देशभर में पीएफआइ से जुड़े 29 ठिकानों पर छापा मारा। ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार पीएफआइ के खिलाफ अलग-अलग दर्ज मनी लांड्रिंग के मामलों को एक साथ मिलाकर कार्रवाई की गई है। इसमें उसकी सारी फंडिंग की जांच की जाएगी। पीएफआइ ने छापे की कार्रवाई को किसान आंदोलन से ध्यान हटाने की सरकार की कोशिश बताया है।

दरअसल ईडी को पीएफआइ के खाते में इस साल मार्च तक 120 करोड़ रुपये से अधिक की फंडिंग के सुबूत मिले हैं। इनमें विदेश से की गई फंडिंग भी शामिल है। ईडी फंडिंग के स्रोतों और उनके उपयोग का पता लगाने की कोशिश कर रही है। गुरवार को जिन स्थानों पर छापे मारे गए, उनमें उत्तर प्रदेश के लखनऊ व बाराबंकी, दिल्ली का शाहीन बाग, बिहार के दरभंगा व पूर्णिया, तमिलनाडु के तेनकासी व मदुरई, महाराष्ट्र का औरंगाबाद, बंगाल के कोलकाता व मुर्शिदाबाद, राजस्थान का जयपुर, केरल के कोच्चि, मल्लापुरम और त्रिवेंद्रम शामिल हैं।

सीएए के खिलाफ देशव्यापी प्रदर्शनों और खासकर दिल्ली के शाहीन बाग के पीछे पीएफआइ की फंडिंग का मामला सामने आया था। ईडी की जांच में पता चला कि चार दिसंबर, 2019 से छह जनवरी, 2020 के बीच पीएफआइ के खाते में 1.04 करोड़ रुपये आए थे, जिनका उपयोग सीएए के खिलाफ प्रदर्शनों के लिए किया गया था। इसके साथ ही दिल्ली दंगे की फंडिंग में भी पीएफआइ के खिलाफ सुबूत मिले थे। बेंगलुर के दंगों में भी पीएफआइ के लोगों की भूमिका के सुबूत मिले हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस ने भी हाथरस मामले में जातीय विद्वेषष फैलाने की कोशिश के आरोप में पीएफआइ से जुड़े लोगों को गिरफ्तार किया था।

## शराब पीकर चलाई गाड़ी तो तीसरी बार पकड़े जाने पर खुद निरस्त हो जाएगा ड्राइविंग लाइसेंस

**सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराने के लिए विभाग गंभीर है । वहीं दूसरी ओर व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए सिस्टम को ऑनलाइन किया गया है। अब नियमों का उल्लंघन करने पर जुर्माना बढ़ाया गया है।**



**बरेली, जेएनएन।** सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराने के लिए विभाग गंभीर है । वहीं दूसरी ओर व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए सिस्टम को ऑनलाइन किया गया है। अब नियमों का उल्लंघन करने पर जुमार्ना बढ़ाया गया है। वहीं शराब पीकर गाड़ी चलाते समय तीन बार पकड़े जाने पर सॉफ्टवेयर, चालक का ड्राइविंग लाइसेंस भी निरस्त कर देगा। उप परिवहन आयुक्त वीके सोनकिया ने बताया कि यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराने के लिए ऑनलाइन दंड व्यवस्था के साथ ही जुमार्ना में भी बढ़ोत्तरी की गई है। जिससे कि लोग यातायात नियमों का पालन करें। अब तीन बार शराब के नशे में चालान होने पर ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त हो जाएगा।जबकि कॉमर्शियल वाहन का फिटनेस नहीं कराने पर दोबारा चालान होने पर दोगुना जुमार्ना देना पड़ेगा। पहली बार में जहां पांच हजार रुपये का जुमार्ना होगा । वहीं दूसरी बार में 10 हजार जबकि तीसरी बार में 15 हजार रुपये और चौथी बार में परमिट स्वतः निरस्त हो जाएगा। मैनुअल चालान व्यवस्था में यह प्रभावी नहीं था पर ऑनलाइन व्यवस्था में इसे लागू कर दिया गया है। विभाग के सॉफ्टवेयर में हर गलती का हिसाब रखा जा रहा है। जिसके हिसाब से जुमार्ना भी तय किया जा रहा है।

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के अभी तक मैनुअल चालान काटे जाते थे। जिसमें एक दिन में दूसरी बार चालान नहीं काटा जाता था। लेकिन अब ऑनलाइन व्यवस्था में ऐसा नहीं है। एमवी एक्ट में नए प्रावधानों के तहत ओवरलोड माल को उसी प्वाइंट पर उतारना होता है, जिस टोल प्लाजा पर चालान हुआ हो। इसके अलावा जिस नियम के उल्लंघन में चालान हुआ है। उसके एक घंटे बाद दोबारा चालान उसी उल्लंघन में किया जा सकता है। उप परिवहन आयुक्त वीके सोनकिया का कहना है कि मैनुअल व्यवस्था में कुछ चीजों में मानवीय संवेदना को ध्यान में रखते हुए चालान काटे जाते थे, लेकिन ऑनलाइन व्यवस्था में ऐसा कुछ भी नहीं है। ऑनलाइन चालान में वाहन के प्रत्येक चालान की इंट्री पंजीयन बुक में होती है। दूसरा चालान होते ही पहले वाला भी शो होने लगता है और गलती की पुनरावृत्ति होते ही उसी मुताबिक दंड तय हो जाता है।

## देश में कोरोना की स्थिति को लेकर प्रधानमंत्री आज करेंगे सर्वदलीय बैठक, वैक्सीन पर भी होगी चर्चा

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कोरोना महामारी पर चर्चा के लिए एक सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभी पार्टियों के नेताओं के साथ एक वर्चुअल मुलाकात करेंगे। इस बैठक में कोरोना वैक्सीन पर भी चर्चा होगी।**



**नई दिल्ली, एजेंसियां।** कोरोना महामारी से उत्पन्न स्थितियों पर शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अन्य दलों के नेताओं से बातचीत करेंगे। पीएम की यह बैठक वर्चुअल होगी। इसमें कांग्रेस सहित अन्य दलों के वरिष्ठ नेता भाग लेंगे। बताया गया है कि पीएम कोरोना संक्रमण के साथ ही वैक्सीन को लेकर भी विपक्षी दलों से बातचीत करेंगे। इस सर्वदलीय बैठक की घोषणा पहले ही की गई थी। कोरोना को लेकर केंद्र सरकार द्वारा बुलाई जाने वाली यह दूसरी सर्वदलीय बैठक होगी।

प्रधानमंत्री मोदी देश में कोरोना की मौजूदा स्थिति पर चर्चा करने के लिए सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक में सरकार द्वारा निकट भविष्य में कोरोना वैक्सीन वितरण की योजना पर भी चर्चा हो सकती है। यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब बड़ी संख्या में किसान 3 कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली-बॉर्डर पर पिछले सात दिनों से प्रदर्शन कर रहे हैं। हालांकि, इस बैठक में सिर्फ कोरोना और वैक्सीन को लेकर चर्चा होनी है। प्रधानमंत्री मोदी की कोरोना वैक्सीन को लेकर बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में कई विपक्षी दलों के नेताओं के भाग लेने की उम्मीद है। इनमें कांग्रेस से अधीर रंजन चौधरी और गुलाम नबी आजाद, टीएमसी के सुदीप बंद्योपाध्याय और डेरेक ओ' ब्रायन, बीजू जनता दल से चंद्रशेखर साहू, रफ्छढ से विजयसाई रेड्डी और मिथुन रेड्डी, अक्टक्टसे इम्तियाज जलील, शिवसेना से विनायक राउत, जेडीयू से आरसीपी सिंह, अक्अउ्टङ से नवनीत कृष्णन, उ्टङ से ळफ्ङ बालू और तिरुचि शिवा , जेडीएस से एचडी देवगौड़ा, एनसीपी से शरद पवार, समाजवादी पार्टी से राम गोपाल यादव, बसपा से सतीश मिश्रा, राष्ट्रीय जनता जल से प्रेम चंद्र गुप्ता, टीडीपी से जय गल्ला, अअढ से संजय सिंह। पिछले 2 नवंबर को संक्रमण के 35,551 मामले सामने आने के साथ ही संक्रमितों का कुल आंकड़ा 95,34,964 तक पहुंच चुका है। केरल में संक्रमण के सबसे ज्यादा 6,316 नए मामले सामने आए हैं। इसके बाद दिल्ली में 3,944 और महाराष्ट्र में 3,350 नए मामले सामने आए।

### पूर्व कानून मंत्री ने सीजेआइ को लिखा पत्र, शवों के लिए समान नीति बनाने की मांग

**नई दिल्ली, प्रेट्र।** पूर्व कानून मंत्री डॉ. अश्विनी कुमार ने सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एसए बोबडे और अन्य न्यायाधीशों को पत्र लिखकर देशभर के अस्पतालों में शवों के लिए समान नीति बनाने की मांग की है। पूर्व मंत्री ने अपने पत्र में विभिन्न टीवी चैनलों पर 27 नवंबर को एक अस्पताल के कॉरिडोर में लड़की का शव कुत्ते द्वारा नोचने की तस्वीर दिखाए जाने का हवाला दिया है। उन्होंने लिखा है, ऐसे दृश्य मृतकों की गरिमा के प्रति असंवेदनशीलता को प्रकट करते हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि कोरोना संक्रमण के चलते मृत लोगों के शवों को जब डंप किया गया था, तो सुप्रीम कोर्ट ने भी मामले का संज्ञान लिया था। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस असाधारण समय में जब पूरा देश कोरोना वायरस से लड़ रहा है और मौतों की संख्या बढ़ रही है, तब मृतकों के सम्मान पर बहुत कम ध्यान दिया जा रहा है।

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा, मास्क नहीं लगाना दूसरों के मौलिक अधिकारों का हनन, कड़ाई से लागू हों नियम



**नई दिल्ली, जेएनएन।** कोरोना के बढ़ते संक्रमण के बीच मास्क लगाने और शारीरिक दूरी के नियमों के प्रति लापरवाही पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा एतराज जताया। शीर्ष अदालत ने कहा कि मास्क नहीं लगाना और शारीरिक दूरी के नियम का पालन नहीं करना दूसरों के मौलिक अधिकारों का हनन है। बहुत से लोग दूसरों के मौलिक अधिकारों का हनन कर रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि मास्क और शारीरिक दूरी के नियमों का कड़ाई से पालन होना चाहिए, लेकिन लोग बेधड़क पूरे देश में कोरोना के दिशानिदेशों का उल्लंघन कर रहे हैं।

हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात हाई कोर्ट के आदेश के उस अंश पर रोक लगा दी जिसमें मास्क नहीं पहनने वालों को कम्युनिटी सर्विस के लिए कोरोना सेंटर भेजने का आदेश दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने सेहत के खतरे को देखते हुए हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है, लेकिन साथ ही गुजरात के अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) को आदेश दिया कि वह मास्क पहनने और शारीरिक दूरी के दिशानिदेशों का कड़ाई से पालन कराएं। हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली गुजरात सरकार की याचिका पर नोटिस भी जारी किया।

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को भले ही आंदोलनकारी किसानों का जिक्र नहीं किया, लेकिन दिल्ली की सीमाओं पर लाखों की संख्या में डटे किसान कोरोना के दिशानिदेशों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। जस्टिस अशोक भूषण, आर. सुभाष रेड्डी और एमआर शाह की पीठ ने कोरोना के उचित इलाज और संक्रमण से हुई मौतों के मामले में स्वतः संज्ञान लेकर की जा रही सुनवाई के दौरान ये आदेश दिए। गुजरात सरकार ने हाई कोर्ट के गत बुधवार के आदेश के उस अंश पर रोक लगाने की मांग की जिसमें हाई कोर्ट ने मास्क नहीं लगाने वालों को कोरोना सेंटर में कम्युनिटी सर्विस के लिए भेजने का आदेश दिया था।

केंद्र और गुजरात सरकार की ओर से पेश सालिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि केंद्र और गुजरात सरकार ने मास्क लगाने और शारीरिक दूरी के दिशानिर्देश जारी किए हैं जिनका पालन जरूरी है। सार्वजनिक स्थानों पर मास्क नहीं लगाने वालों पर 1,000 रुपये का जुमार्ना किया जाता है। नियमों का पालन कराया जा रहा है, लेकिन हाई कोर्ट का गत बुधवार का आदेश बहुत ही कड़ा और जरूरत से ज्यादा दंड है। इसका पालन कराने से व्यक्ति बीमारी के खतरे में आ सकता है।

इन दलीलों पर कोर्ट ने कहा कि दिशानिर्देश तो हैं, लेकिन उनका पालन नहीं हो रहा। उनका पालन कराने में बहुत ढिलाई है। हाई कोर्ट की मंशा सही रही होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि शादियों और रैलियों में सैकड़ों लोग इकट्ठा होते हैं। पुलिस उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं करती। जस्टिस शाह ने कहा कि बहुत से लोग दूसरों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन कर रहे हैं। पीठ की इन टिप्पणियों पर मेहता ने कहा कि हमारे और कोरोना के बीच सिर्फ मास्क और शारीरिक दूरी ही है, लेकिन लोग बिना मास्क के घूम रहे हैं।

मेहता ने कहा कि लोगों में नियम तोड़ने की प्रवृत्ति देखी जाती है। हेलमेट को ही लें तो उसे पहनने के बजाये दोपहिया वाहन पर टंगा रहता है लोग उसे सिर्फ पुलिसवाले के दिखने पर ही पहनते हैं। पीठ ने कहा कि दिशानिदेशों के उल्लंघन का यह मामला सिर्फ गुजरात में ही नहीं है बल्कि यह राष्ट्रीय समस्या है। पालन कराने का तंत्र बनाए बगैर सिर्फ जुमार्ना बढ़ाने से कुछ नहीं होगा। जस्टिस शाह ने सब्जी मंडियों की भीड़ का जिक्र करते हुए कहा कि बहुत सी सब्जी मंडियां हैं, लोगों को वहां छह फीट की शारीरिक दूरी का पालन करना चाहिए, लेकिन देशभर में कोई इसका पालन नहीं कर रहा। ये वे जगहें हैं जहां तेजी से संक्रमण फैलता है।

दिल्ली की ओर से बताया गया कि उनके यहां कोरोना मरीजों की संख्या में पहले से कमी आई है। सारी चीजों का ध्यान रखा जा रहा है। देश के अन्य हिस्सों और विभिन्न राज्यों में दिशानिदेशों का पालन नहीं होने की शिकायतों पर कोर्ट ने सालिसिटर जनरल और राज्यों के वकीलों से पालन सुनिश्चित कराने के लिए सात दिसंबर तक सुझाव देने को कहा ताकि इस बावत उचित आदेश दिए जा सकें। वकील गौरव अग्रवाल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में आक्सीजन और बेड्स की कमी है। इस पर कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश सरकार से स्थिति रिपोर्ट मांगी है। मामले में नौ दिसंबर को फिर सुनवाई होगी।

## सरकार के लंच को ठुकराते हुए किसानों ने क्या दिया तर्क, कृषि मंत्री की भी नहीं मानी बात

**कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलित किसानों की गुरूवार को केंद्र सरकार के साथ चौथे दौरे की वार्ता हुई। विज्ञान भवन में करीब सात घंटे तक चली इस बैठक में सरकार ने चर्चा के लिए पहुंचे किसान नेताओं के सत्कार की बेहतर व्यवस्था कर रखी है।**




**नई दिल्ली, जागरण ब्यूरो।** कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलित किसानों की गुरूवार को केंद्र सरकार के साथ चौथे दौरे की वार्ता हुई। विज्ञान भवन में करीब सात घंटे तक चली इस बैठक में सरकार ने चर्चा के लिए पहुंचे किसान नेताओं के सत्कार की बेहतर व्यवस्था कर रखी है। जिसमें चाय- नाश्ते से लेकर खाने तक का इंतजाम किया गया था, लेकिन किसान नेताओं ने सरकार के इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया। उन्होंने इस दौरान अपने साथ लंगर से लाए गए खाने को ही मिल बांट कर खाया।

किसान नेताओं का इस दौरान कहना था कि सरकार के जिस फैसले के खिलाफ उनके साथी सड़क पर बैठे है, ऐसे में वह सरकार का खाना कैसे खा सकते है। उनका कहना था कि जब तक सरकार इस कानून को वापस नहीं लेती है, तब तक उनका विरोध जारी रहेगा। इस दौरान वह सरकार की ओर से किसी भी सुविधा को स्वीकार नहीं करेंगे।

इस बीच कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने खुद भी किसान नेताओं से खाने का अनुरोध किया, लेकिन किसान अपने रूख पर अड़े रहे। कृषि कानूनों को लेकर आंदोलित किसानों की सरकार के साथ यह यह चौथे दौर की वार्ता थी। इससे पहले उनकी सरकार के साथ तीन दौर की वार्ता हो चुकी है, लेकिन उनमें कोई निर्णय नहीं हो सका। सरकार के साथ चौथे दौर की इस वार्ता में करीब 40 किसान संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद थे। गौरतलब है कि आंदोलन किसान पिछले हफ्ते भर से दिल्ली की सीमा पर बैठे है।

हालांकि अभी वह अभी हरियाणा और यूपी की सीमा पर शांतिपूर्ण तरीके से बैठे है, लेकिन उन्होंने धमकी दे रखी है, यही सरकार ने उनकी मांगे नहीं मानी, तो वह दिल्ली की पूरी सीमा को बंद कर देंगे। कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के इस आंदोलन की शुरूआत पंजाब से हुई थी, लेकिन अब यह देश के दूसरे हिस्सों में दिखने लगा है।

# ग्रामीण अंचल



## संक्षेप समाचार

### करछना के करेहा में प्रबंध समिति की हुई बैठक

**करछना।** संविलयन विद्यालय करेहा में वैश्विक महामारी कोरोना पर सरकार की गाइडलाइंस का ध्यान रखते हुए प्रबंध समिति की बैठक समन्न हुई।विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष अशोक कुमार के साथ समिति के सदस्यों ने भी अपनी प्रतिभागिता दिखाई । इस मौके पर ए आर पी. पुष्पराज सिंह, ग्राम प्रधान मूसा मंसूर, ग्राम विकास अधिकारी हुमा परवीन, प्रभारी प्रधानाध्यापिका शशी टंडन,अध्यापिकाएं सुनीता द्विवेदी पद्मा त्रिपाठी के साथ साथ प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक देवज्योति दास, ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, रेखा विश्वकर्मा एवम् शिक्षक संकुल रमेंद कुमार सक्सेना उपस्थित रहे ।उक्त बैठक में विद्यालय में सभी सदस्यों को उनके उत्तरदायित्यों एवम् कार्यों पर विस्तृत चर्चा हुई ।सभी सदस्यों को प्रबंध समिति के पुनर्गठन के बारे में भी अवगत कराया गया । इस बैठक में प्रदेश सरकार द्वारा वैश्विक महामारी के कारण बच्चों की शिक्षा को मिशन प्रेरणा की ई पाठशाला एवम् अभिभावकों के सहयोग से ऑफलाइन भी कर्यपत्रक और शिक्षण सामग्री द्वारा लगातार किए जा रहे प्रयासों की सराहना की गई ।बैठक में ए आर पी पुष्पराज सिंह ने विद्यालय के विकास में समुदायिक एवम् जन सहयोग की भूमिका का वर्णन किया ।कायाकल्प पर कार्ययोजना को ग्राम विकास अधिकारी के समक्ष रखते हुए आग्रह किया गया कि विद्यालय के सभी कक्षा कक्षों में टाइल्स लगाई जाए।

## कांग्रेसियों ने मनाई देश के प्रथम प्रधानमंत्री की जयंती

**फूलपुर।** फूलपुर के शेखपुर में गुरुवार को भारत के प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद की 137 वीं जयंती मनाई गई। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व निवर्तमान ब्लाक अध्यक्ष बृजेश कुमार सिंह के आवास पर आयोजित जयंती समारोह को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेत्री सिंधु सिंह ने कहा कि देश की आजादी में डॉ राजेंद्र प्रसाद का संपूर्ण जीवन समर्पित रहा। वो एक अच्छे कानून विद, समाज सेवक होने के साथ महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। उन्होंने देश की आजादी मैं बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। निवर्तमान ब्लॉक अध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बृजेश कुमार सिंह ने डॉ राजेंद्र प्रसाद के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब कांग्रेस ने आजादी का आंदोलन छेड़ा तो भारत रत्न राजेंद्र प्रसाद अन्य नेताओं के साथ जेल भी गए। इस दौरान अन्य कांग्रेसी नेताओं ने भी उनके द्वारा देश के प्रति दिए गए अमूल्य योगदान की सराहना की। इस मौके पर लालमणि विश्वकर्मा, राजेंद्र कुमार शर्मा, राकेश कुमार जयसवाल, जेपी यादव, अमित पटेल, गिरधारी लाल सरोज, अतुल तिवारी, राम कैलाश यादव, मोहम्मद शाकिब, उर्मिला देवी, मधु शर्मा, उमाकांत सिंह, तेज विश्वकर्मा, रेखा देवी सहित अन्य कांग्रेसी नेता मौजूद रहे।





फूलपुर में राजेंद्र प्रसाद का जन्मदिवस मनाते कांग्रेसी व बाबूगंज में प्रथम राष्ट्रपति को पुष्प अर्पित करते पूर्व जिला उपाध्यक्ष अशफाक अहमद

### देश सेवा में समर्पित था बाबू राजेंद्र प्रसाद का जीवन-अशफाक अहमद

**फूलपुर।** भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती गुरुवार बाबूगंज बाजार में मनाई गई। भारत रत्न राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष अशफाक अहमद ने कहा कि आजादी आंदोलन में गांधीजी के विचारों से प्रभावित होकर राजेंद्र बाबू ने भारत देश की सेवा में अपने को समर्पित कर दिया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एडवोकेट देवराज उपाध्याय ने कहा कि राष्ट्रपति होने के अतिरिक्त बाबू राजेंद्र प्रसाद ने कृषि और खाद्य मंत्री का भी दायित्व निभाया था।इस दौरान तहजीब उल हसन, भोलानाथ तिवारी, सलीम टाइगर,अशोक यादव, हैदर अली, दिलीप दूबे,अनवर अली,रिंकू तिवारी, मोहम्मद शफीक, अश्वनी श्रीवास्तव, सूर्यकांत दूबे सहित अन्य कांग्रेसी नेताओं ने भी अपने विचार रखे।

## महिला पर हमला व लूटपाट कर भागे दबंग, शिकायत

**नैनी।** क्षेत्र के फूलमंडी में एक महिला के मकान में घुसे दबंगों ने पूरे परिवार को मारा पीटा और सोने चांदी के जेवरात लूटकर फरार हो गए। लहूलुहान अवस्था में थाने पर पहुंची महिला ने पुलिस को आप बीती सुनाई। तहरीर के आधार पर पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। नैनी के फूलमंडी निवासी मैना देवी के पति बुदुल का निधन हो चुका है। मैना देवी के मुताबिक बुधवार को गांव के ही कुछ दबंग उसके घर में घुस गए। उन लोगों ने मैना देवी और उसकी बहू को जमकर मारा पीटा। जिससे वह दोनों घायल हो गए। हमलावरों ने घर में रखे सोने-चांदी के गहने भी लूट लिए। विरोध पर जान से मार डालने की धमकी देते रहे चीख-पुकार सुनकर जब तक गांव के लोग एकत्र होते हमलावर वहां से धमकाते हुए फरार हो चुके थे। वही पीड़ितों का आरोप है कि पुलिस मामले को गंभीरता से नहीं ले रही है। जिससे हम लोग डरे सहमे हैं।

## पाठशाला आपके द्वार से घर-घर शिक्षा की जलाएं ज्योति : बीओ





कौड़िहार ब्लाक के मुनव्वर पुर गांव में बच्चों को पढ़ाती शिक्षिका व टेकारी में बच्चों को पढ़ाते शिक्षक





कौड़िहार ब्लाक के चकरी गांव व बिजली के मीरजहांपुर गांव में बच्चों को पढ़ाती शिक्षिका

**लॉकडाउन में बंद विद्यालय के दौरान बच्चों को घर-घर दी जा रही शिक्षा।**

**बच्चों की शिक्षा जारी रखने के लिए बीओ कौड़िहार का अहम कदम।**

**ब्लॉक के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं पूरी तन्मयता से मुहिम को बना रहे कामयाब।**

**लालगोपालगंज।** परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा हासिल करने वाले नौनिहाल बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए शिक्षक छात्रों के घर पहुंचकर शिक्षण कार्य कर रहे हैं। कोरोना संक्रमण को देखते हुए बच्चों को स्कूल बुलाने के बजाय शिक्षकों को उनके घर पर ही तालीम दिए जाने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी कौड़िहार ने पाठशाला आपके द्वार मुहिम चलाकर घर-घर शिक्षा की ज्योति जलाने की पहल की। अभियान पर पूरी दिलचस्पी दिखाते हुए शिक्षकों ने बच्चों के घर घर पहुंचकर तालीम देने में सक्रिय नजर आ रहे हैं।

कोरोना संक्रमण को बढ़ता देख प्रयागराज के खंड शिक्षाधिकारी शिव कुमार यादव ने बेसिक स्कूलों में शिक्षा ग्रहण करने वाले नन्हे-मुन्ने बच्चों को बुनियादी तालीम से आरास्ता करने के लिए ₹पाठशाला आपके द्वार,, की एक नई पहल की है। जिसके तहत बीओ कौड़िहार ने विगत सप्ताह संकुल वार बैठक कर पाठशाला आपके द्वार के उद्देश्यों से शिक्षक संकुल एवं प्रधानाध्यापकों को रूबरू कराया। विद्यालय बंद होने के दौरान ऑनलाइन शिक्षण कार्य जारी रखने के लिए व्हाट्सएप, दूरदर्शन और रेडियो के माध्यम से पठन-पाठन किया जा रहा है। लेकिन कुछ गरीब तबका के छात्र एवं छात्राओं के पास मल्टीमीडिया मोबाइल और टीवी की सुविधा न होने के कारण शिक्षण कार्य को जारी रखने के लिए यह प्रभावी कदम उठाया गया है। बीओ की पहल पर अमल करते हुए समस्त एनपीआरसी के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों ने पूरी तन्मयता और दिलचस्पी से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन शुरू कर दिया है। शिक्षक एवं शिक्षिकाएं छात्रों के घर पहुंचकर उन्हीं के परिवेश और भाषा में शिक्षा की ज्योति जलाने का आगाज कर दिया है। जिसकी एक तरफ गांव में जहां सराहना की जा रही है। तो वहीं दूसरी ओर नन्हे मुन्ने बच्चों को घर में आसानी से शिक्षा लेने का अवसर मिल रहा है। शिक्षा क्षेत्र में कौडिहार ब्लॉक के खंड शिक्षाधिकारी शिव कुमार यादव की इस पहल को कामयाब बनाने में एआरपी जय सिंह, प्रभा शंकर शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष राधे कृष्ण, मंत्री बालेंद्र पांडे, विष्णु मिश्रा, अवनीश सिंह, विनीत सिंह यादव आदि शिक्षक लगातार मेहनत कर रहे हैं।


## तीन महीनों से डाउन है सरवर आए दिन खाताधार हो रहे परेशान

**सिरसा।** मेजा क्षेत्र में विभागीय अधिकारियों की लापरवाही व ढुलमुल रवैया के चलते मेजा तहसील क्षेत्र के डाकघरों से जुड़े ग्राहकों को अपने ही जमा रुपये निकालने में नाकों चना चबाना पड़ रहा है। बताया जाता है कि लगभग तीन माह से मेजा, मेजारोड व सिरसा सहित तहसील क्षेत्र के अन्य डाकघरों का सर्वर डाउन है। शादी-व्याह सहित जुताई-बुआई के लिए लोग जब डाकघर में अपना रुपया निकालने जाते है तो कर्मचारी सर्वर डाउन की बात कह कर खाताधारक को वापस कर दे रहे हैं। आरोपित है कि मेजा स्थित पोस्ट ऑफिस में आए दिन खाताधारक परेशान हो रहे हैं। कर्मचारियों की मनमानी से और अधिकारियों के निरंकुशता व लापरवाही से यहां की मशीनें आए दिन खराब रहती है। जिससे उपभोक्ता बार-बार पोस्ट ऑफिस का चक्कर लगाने के लिए मजबूर हैं। शिकायत के बावजूद भी आज तक प्रभावी कार्यवाही नहीं हो सकी। कर्मचारियों द्वारा व्यवस्था की गड़बड़ी के लिए अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। अव्यवस्था के चलते खाताधारक पैसा निकालने व जमा करने के लिए परेशान हैं तथा रजिस्ट्री का भी कार्य बाधित है। हकीकत में देखा जाय तो सरकारी कार्यालय में कर्मचारियों के लापरवाही से जनता आये दिन परेशान हो रहे हैं। अधिकारी और कर्मचारी के मनमानी रवैये से जनता त्रस्त हो गयी हैं। कोई भी सरकारी कार्यालय हो काम के नाम पर अधिकारिओ और कर्मचारियों कोई न कोई प्रॉब्लम बताकर आराम फरमा रहे है। जिससे इस समस्या से लोगो मे आक्रोश बना है।

## हर महीने जल निगम की मोटर जलने से उपभोक्ता परेशान







**जसरा।** विकास खंड के अंतर्गत सन 1974 में घर-घर पीने के पानी के लिए जसरा, तातारगंज व खटंगिया में जल निगम का निर्माण तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा किया गया था। लेकिन हर महीने जल निगम की मोटर जलने के कारण उपभोक्ताओं को पीने के पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। विभागीय अधिकारी पूरी तरह से उदासीन बने हुए हैं।

पूरे जसरा ब्लाक में सन् 1974 में तीन जल निगम बनवाए गए थे। जिसमें जसरा, तातार गंज व खटंगिया गांव में जल निगम का निर्माण किया गया था। तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा इसका उद्घाटन करके ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को पानी मुहैया कराया गया। जसरा का जलनिगम आये दिन जल जाने के कारण उपभोक्ताओं को पानी के लिए दर दर भटकना पड़ता है। इसी तरह तातारगंज में दो जलनिगम से बत्तीस गांवों को पानी पहुंचाया जा रहा था। लेकिन अब दो में से एक की मोटर एक साल पूर्व से भ्रस्ट हो गया है। विभागीय अधिकारी उसे बनवाने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। जसरा जलनिगम पर कुल एक कर्मचारी कार्य करने के लिए रात दिन लगा रहता है। इसी तरह तातारगंज जलनिगम ओम प्रकाश प्रजापति जो बेलदार के हवाले किया गया है। रही बात खटंगिया जलनिगम की तो वहां भी एक आपरेटर ओम प्रकाश यादव चला रहे हैं। जलनिगम के कर्मचारियों ने बताया कि सन 80 से 2010 के दशक में जल निगम पर आधा दर्जन से कम कर्मचारी किसी भी जलनिगम पर नहीं हुआ करते थे लेकिन अब पंप को चलाने के लिए ऑपरेटर भी नहीं बचे हैं। इस संबंध में जलनिगम के जेई सुरेन्द्र प्रताप सिंह से फोन नं० 9532501185 पर वार्ता करना चाहा तो उनका फोन आउट आफ कवरेज एरिया बता रहा था।

### छः महीने से नहीं मिला कर्मचारियों को वेतन

जल निगम के कर्मचारियों ने बताया कि 6 महीने से किसी भी कर्मचारी को वेतन नहीं मिला है। जबकि हम सब के बच्चे बिना वेतन के भूखे मर रहे हैं। विभागीय अधिकारियों द्वारा वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा है।

### हजारों में बकाया है पानी का बिल

जसरा जल निगम के कर्मचारी सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि एक कर्मचारी होने के कारण उपभोक्ताओं से पानी का बिल भी नहीं वसूला जा रहा है। ज्यादातर उपभोक्ताओं का बिल का भुगतान 10,000 से अधिक हो चुका है। रुपए मांगने पर लोग अब आनाकानी करने लगे हैं। विभाग द्वारा जल निगमों पर संविदा कर्मचारियों की भी नियुक्ति बंद है। जिसके कारण जल निगम का कार्य प्रभावित हो रहा है।

### जगह-जगह टूटी है पाइप लाइने

जसरा जल निगम के कर्मचारी ने बताया कि कर्मचारियों के अभाव के कारण जल निगम की पाइप लाइनें जगह-जगह टूटी हुई हैं। जिससे गांव में पहुंचने वाला पानी जगह-जगह बह रहा है। उसे बनाने वाला कोई बेलदार नहीं है।

### जल निगम में बना तालाब सूखा

दीपक तले अंधेरा जैसा हाल जसरा जल निगम का है। जलनिगम में बना एक पक्का तालाब पानी के अभाव में सूखा पड़ा हुआ है। तालाब के अंदर उगे हुए घास फूस तालाब की बदहाली को बयां कर रहे हैं। वहां मौजूद कर्मचारी ने बताया कि पहले क्षेत्रीय लोगों को पीने का पानी उपलब्ध कराएं कि तालाब को भरें।

### शासन द्वारा निर्गत हो चुका है मरम्मती करण का धन

जसरा जल निगम के कर्मचारी ने बताया कि शासन द्वारा जसरा के जल निगम के लिए पचास लाख रुपए मरम्मती करण के लिए दिया जा चुका है। लेकिन इस संबंध में आज तक कुछ नहीं होता दिखाई दे रहा है।

## सरकार की पहल पर नगर निगम जारी करेगा बांड



**प्रयागराज।** सरकार की पहल पर बड़े शहरों का कायाकल्प करने की योजना के तहत नगर निगम जल्द बांड जारी करेगा। औद्योगिक घरानों के साथ मिलकर स्मार्ट सिटी में हाई रैंकिंग वाले शहरों में शामिल प्रयागराज के धार्मिक, पौराणिक समेत पर्यटन के महत्व को ध्यान में रखते हुए योजनाएं तैयार की जाएंगी। इसके तहत शहर के विकास व सौंदर्यीकरण के लिए संसाधनों को विकसित किया जाएगा। स्थानीय अफसरों को बीएसई के नियमों के मुताबिक तैयारी के लिए निर्देशित किया गया है। बांड जारी करने के लिए प्रदेश के लखनऊ, वाराणसी, प्रयागराज, कानपुर, प्रयागराज और आगरा का चयन किया गया है। लखनऊ नगर निगम के बांड जारी करने के बाद अन्य शहरों के नगर निगम अफसरों को उसी का अनुसरण करने का निर्देश दिया गया है। नगर निगम अफसर बांड जारी करने की तैयारी तो कर रहे हैं, लेकिन फिलहाल जानकारी साझा नहीं कर रहे हैं। स्थानीय निकायों को प्रोत्साहित करने और स्वावलंबी बनाने की योजना के तहत बांड कैसे और कब जारी किए जाएंगे, इसके लिए तिथि अभी निर्धारित नहीं है, लेकिन तीन से छह महीने के भीतर प्रक्रिया पूरी होने के आसार हैं। नगर निगम के बांड जारी करने की कार्रवाई शासन स्तर से तय होगी। प्रारंभिक तैयारियों के साथ योजनाओं और संसाधनों के प्रारूपों के बारे में तैयारी है। आर्थिक पक्ष फिलहाल गोपनीय है। जल्द ही नगर निगम प्रयागराज उन शहरों की सूची में शामिल होगा, जिनके बीएसई मुंबई के जरिये बांड जारी होंगे।

**– सदानंद मिश्रा, सीएफओ, नगर निगम प्रयागराज।**

## यमुनापार के किसानों के लिए वरदान साबित हो रहीं नींबू की खेती

**करमा।** वर्तमान में परंपरागत कृषि यथा सब्जियाँ, अनाज, दलहन के साथ यमुनापार समेत जनपद के विभिन्न हिस्सों में बागवानी कार्य व्यापक पैमाने पर हों रहीं हैं यमुनापार के जसरा, चाका, कौंधियारा एवं कौड़िहार विकासखण्ड के लगभग 300गाँवों में नींबू की खेती बड़े पैमाने पर की जा रहीं हैं इसके पीछे लागत कम एवम लाभ की अधिकता कों जिम्मेदार माना जा सकता हैं। वर्तमान समय नीलगाय एवम आवारा पशुओं की वजह से परंपरागत खेती काफी प्रभावित हों चुकी हैं जिसका स्थान नींबू की बाग लें रहीं हैं। जसरा के मनकवार कोइलीतारा नींबू की खेती करनें वालें पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष ईश्वर दीन छेदी लाल इंटर कालेज श्री अर्जुन सिंह पटेल के मुताबिक नींबू की बाग यमुनापार के किसानों का भाग्य बदल चुका हैं इसके पीछे वह विभिन्न प्रमुख कारणों कों जिम्मेदार मानते हैं जिसमें नीलगाय, आवारा पशुओं से सुरक्षा समेत कम लागत एवम अत्यधिक लाभ इत्यादि प्रमुख वजह हैं वही कौंड़िहार विकास खण्ड के युवा किसान बलवंत पटेल के मुताबिक नींबू की खेती हर प्रकार की मृदा में सफल हैं यही वजह हैं कि क्षेत्र के डाही -नुमाया, टिकुरी, असरावल, मकनपुर, तारापुर, जलालपुर, बिसौना इत्यादि गाँवों में भी नींबू की बाग किसान लगायें हैं।

## गुलाब का फूल देकर दिव्यांग बच्चों का बढ़ाया हौसला

**खुद के आत्मविश्वास से मंजिल हासिल कर रहे दिव्यांग : डॉ. कीर्तिका अग्रवाल**



दिव्यांग बच्चों के साथ डॉ कीर्तिका अग्रवाल

**प्रयागराज।** आज दिव्यांग पूरे देश दुनिया में अपने आत्मविश्वास व दृढ़ संकल्प से अपनी मंजिल हासिल कर रहे हैं। वह खुद आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अग्रसर हैं। यह बातें वात्सल्य सेवा समिति की चेयरमैन डॉ. कीर्तिका अग्रवाल ने कहीं। वह दिव्यांग दिवस के मौके पर गुरूवार को बचपन डे केयर सेन्टर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर संबोधित कर रहीं थी।

डॉ. कीर्तिका ने दिव्यांग बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि बच्चों में अदृश्य शक्ति है, सिर्फ उन्हें मार्गदर्शन की जरूरत है। जिसमें हम सब की अहम भूमिका है। उन्होंने बच्चों को गुलाब का फूल देकर उनका हौसला बढ़ाया। बच्चों को फल व मिठाईयां भी वितरित की गईं। बचपन डे केयर के प्रबंधक चंद्रभान द्विवेदी ने सभी के प्रति आभार जताया। इस मौके पर दिव्यांगजन अधिकारी श्री मिश्रा जी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी नन्द किशोर यागनिक, छात्र/ छात्राः सौम्या, जयनव, अशुल,वैश्नवी, सलमान, अंश, केदार, शिक्षकः सुचिता जयसवाल, प्रीर्ति सिंह, संजू कुशवाहा, महेश मिश्रा, एवं कर्मचारीः ज्योति, सोनी, शैलेन्द्र, जितेन्द्र कुमार भी उपस्थित थे।

## मंदिर परिसर से घंटा चोरी

**नैनी।** क्षेत्र के अरैल वेणी माधव मंदिर परिसर में लगा घंटा को चोरों ने मंगलवार बीती रात गायब कर दिया। जिससे मंदिर के पुजारियों में आक्रोश है। बेनी माधव मंदिर के महंत पं. दामोदर प्रसाद तिवारी ने बताया पीतल का लगा घंटा चोरों ने मंगलवार बीती रात मंदिर से गायब कर दिया गया। जिसकी सूचना नैनी कोतवाली में दी गई है।

# प्रयागराज हलचल



## संक्षेप समाचार

### यूपीपीएससी एसीएफ आएफओ मुख्य परीक्षा का परिणाम घोषित

**प्रयागराज।** सहायक वन संरक्षक अधिकारी-क्षेत्रीय वन अधिकारी (एसीएफ-आरफओ) मुख्य परीक्षा-2018 के अन्तर्गत हुई लिखित परीक्षा का परिणाम उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने बुधवार को वेबसाइट पर जारी कर दिया। मुख्य परीक्षा से साक्षात्कार के लिए 294 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया है। मुख्य परीक्षा का आयोजन 23 फरवरी से 6 मार्च तक लखनऊ के विविध परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न हुई थी। 92 पदों के लिए हो रही एसीएफ-आरएफओ परीक्षा-2018 की मुख्य परीक्षा में 746 अभ्यर्थी शामिल हुये थे। साक्षात्कार के लिए सफल अभ्यर्थियों की सूची आयोग की अधिकारिक वेबसाइट एवं आयोग कार्यालय के सूचना पट्ट पर चस्पा कर दी गई है। परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों प्राप्तांक, कट ऑफ अंक आदि की सूचनाएं परीक्षा के अन्तिम चयन परिणाम घोषित होने के बाद घोषित की जायेंगी। आयोग सचिव जगदीश ने बताया कि परीक्षा में शामिल उत्तर प्रदेश के बाहर की महिला अभ्यर्थियों परिणाम उच्च न्यायालय द्वारा पारित अन्तिम निर्णय के अधीन रहेगा।

# कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय से करायें पूरा : उपमुख्यमंत्री

## उपमुख्यमंत्री ने एनएचआई/एनएच/लोक निर्माण विभाग/सेतुनिगम के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए प्रयागराज एवं कौशाम्बी के निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा की

**प्रयागराज।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सर्किट हाउस में गुरूवार को एनएचआई/एनएच/लोक निर्माण विभाग/सेतुनिगम के अधिकारियों के साथ प्रयागराज एवं कौशाम्बी के निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा की। जनपद प्रयागराज में उ0प्र0 राज्य सेतु निगम द्वारा कराये जा रहे निमाणार्धीन परियोजनाओं एवं प्रयागराज में प्रस्तावित सेतुओं, आरओबी एवं नदी सेतु की प्रगति के सम्बंध में जानकारी ली। बेगम बाजार में बन रहे 02 लेन उपरिगामी सेतु के काम में रूकावट के सम्बंध में कहा कि जल्द ही मा0 रक्षा मंत्री जी से इस विषय पर चर्चा कर इसका रास्ता निकाल लिया जायेगा और जल्द से जल्द इस कार्य को पूरा कर लिया जायेगा। उन्होंने भीरपुर-मेजा मार्ग पर बनाये जा रहे 02 लेन रेल उपरिगामी सेतु के निर्माण कार्य को समय से पूरा कराने के निर्देश दिये। मा0 उप मुख्यमंत्री जी ने नारीबारी-कोरांव में टोंस नदी पर बन रहे सेतु निर्माण की प्रगति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन परियोजनाओं में गुणवत्ता के मानकों का विशेष ध्यान रखा जाये साथ ही निमाणार्धीन कार्यों को समय से पूरा किया जाये। जहां भी निर्माण कार्य लगभग पूरे हो चुके हो, वहां पड़े हुए स्क्रैप को जल्द से जल्द हटा ले, जिससे लोगो को असुविधा का सामना न करना पड़े। जनपद कौशाम्बी में सिराथू स्थित समसा चैराहे पर बनाये जा रहे उपरिगामी सेतु के निर्माण को समय से पूरा करने के निर्देश दिये। साथ ही जनपद कौशाम्बी के अन्तर्गत चायल विधानसभा क्षेत्र में कौशाम्बी पर्यटन स्थल को प्रयागराज-मुख्यालय वाया एयरपोर्ट से फोर लेन से जोड़ने हेतु किलनही नदी पर 02 लेन सेतु के निर्माण कार्य को युद्धस्तर पर पूरा करने के निर्देश दिये। इलाहाबाद-बामपुर मार्ग पर बनाये जा रहे 02 लेन रेल उपरिगामी सेतु के निर्माण में अधिग्रहण से सम्बंधित समस्या को जल्द सुलझा लिया जाये। निर्धारित समय से इस कार्य को पूरा किया जाये। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जायेगा। भूमि अधिग्रहण से सम्बंधित कार्य को जल्द से जल्द पूरा करते हुए कार्य को निर्धारित समयावधि में पूरा कराया जाये। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो भी फ्लाईओवर का प्लान तैयार किया जाये, वो 04 लेन ही बनाये जाये।



समीक्षा बैठक में निर्देश देते उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य



उपस्थित अधिकारी व प्रतिनिधिगण

पीडब्लूडी विभाग के द्वारा कराये जा रहे निमार्णाधीन कार्यों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने रामपुर से भडेवरा तक कराये जाने वाले चैड़ीकरण एवं सुद्दढ़ीकरण के कार्य में आ रही रूकावटों को दूर करते हुए कार्य को जल्द प्रारम्भ कराने के निर्देश दिये। इलाहाबाद बाईपास के जंक्शन से चैनेज बालसन चैराहा तक ईपीसी मोड में चार लेन पेब्ड शोल्डर सहित चैड़ीकरण एवं उन्नयन के कार्य निर्धारित समय के साथ गुणवत्ता के साथ पूरा कराने के निर्देश दिये। समीक्षा बैठक में मा0 सांसद फूलपुर-श्रीमती केशरी देवी पटेल, मा0 विधायक बारा, शहर उत्तरी, मेजा, फाफामऊ सहित जनपद के अन्य प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# किसानों के समर्थन में अधिवक्ताओं ने निकाली रैली




रैली निकालते अधिवक्तागण

**प्रयागराज।** कृषि विधेयक के खिलाफ आंदोलित किसानों के समर्थन में इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं ने गुरुवार को हाईकोर्ट से जिलाधिकारी कार्यालय तक बाइक रैली निकाली। अधिवक्ताओं ने पहले हाईकोर्ट गेट पर बैनर लगाकर कृषि विधेयक का विरोध किया। कहा कि देश भर के किसान आंदोलित हैं और केंद्र सरकार अपनी जिद पर अड़ी है। इसके बाद अधिवक्ताओं ने हाईकोर्ट से जिलाधिकारी कार्यालय तक बाइक रैली निकाली और ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया कि सरकार किसानों की बात सुने और समस्या का सही समाधान निकाले।

# कोविड-19 : 24 घंटे में मिले मरीजों में तीन डॉक्टर

**प्रयागराज।** जब से कोरोना का संक्रमण शुरू हुआ है तब से बड़ी संख्या में स्वास्थ्यकर्मी कोरोना की चपेट में आ रहे हैं। यह सिलसिला अभी भी जारी है। इसमें सबसे ज्यादा संक्रमित होने वालों में मंडल के सबसे बड़े कोविड अस्पताल एसआरएन के स्वास्थ्यकर्मी हैं। आए दिन दो से तीन लोग यहां संक्रमित मिल हैं। इसमें ज्यादातर डॉक्टर व जूनियर डॉक्टर ही शामिल हैं। इन दिनों एसआरएन के डॉक्टरों पर कोरोना की आफत सी आ गई है। ज्यादातर मेडिसिन, आथोर्पेडिक व एनेस्थेसिया डिपार्टमेंट के डॉक्टर हैं। इसके अलावा स्टाफ नर्स, संविदा नर्स, फार्मासिस्ट, स्वीपर, वार्डब्वाय व



आया भी शामिल हैं।

बीते 24 घंटे की बात की जाए तो कोरोना के जो मरीज मिले हैं उसमें स्वरूपरानी नेहरू कोविड अस्पताल के तीन डॉक्टर भी शामिल हैं। एक डॉक्टर मेडिसिन डिपार्टमेंट व इसी विभाग के एक जूनियर डॉक्टर भी संक्रमित हैं। एनेस्थेसिया के असिस्टेंट प्रोफेसर की रिपोर्ट भी पॉजिटिव है। यह सभी अस्पताल में अपनी सेवाएं दे रहे थे। इसके अलावा विकास भवन के डीपीओ ऑफिस में तैनात हेड असिस्टेंट, नगर निगम के एक अधिकारी, एक्सिस बैंक करेली ब्रांच के असिस्टेंट मैनेजर व सीआरपीएफ के एक कांस्टेबल समेत कई अन्य की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है। कोरोना मरीजों की संख्या अब 26743 तक पहुंच गई और स्वस्थ मरीजों की संख्या 25616 हो गई है। ऐसा नहीं है कोरोना का संक्रमण का सिर्फ एसआरएन में ही बेली कोविड अस्पताल समेत सीएचसी पीएचसी के डॉक्टर भी बड़ी संख्या में संक्रमित हुए हैं।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थी अब ऑन-लाइन आवेदन कर बनवा सकेंगे किसान क्रेडिट कार्ड

**प्रयागराज।** उप कृषि निदेशक विनोद कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों के लिये किसान क्रेडिट कार्ड (के0सी0सी0) से संतृप्त करने हेतु कृषि विभाग के पोर्टल पर के0सी0सी0 के लिये आवेदन करें के नाम से एक लिंक बनाया गया है। इस लिंक पर क्लिक करने पर अगला पेज खुलेगा जिसमें अपना आधार नं0 भरकर खोजे का बटन दबाने पर किसान का पी0एम0 किसान में उपलब्ध डाटा दिखायी पड़ने लगेगा। इस डाटा में यदि किसान का मोबाइल नंबर सही है तो डाटा को सुरक्षित करते हुये आगे बढे.। यदि मोबाइल नंबर सही नही है या बदलना है तो तदनुसार नया मोबाइल नंबर डालें तथा सबमिट करें उसके बाद पोर्टल पर किसान द्वारा अपने खसरे में बोयी गयी फसल का विवरण भरने का विकल्प आयेगा जिसे भरकर सबमिट करें तथा अपनी पासपोर्ट साइज की फोटो स्कैन करके पोर्टल पर निर्धारत बाक्स में अपलोड करके सबमिट करें। इस प्रकार किसान का ऑन-लाइन आवेदन हो जायेगा और यह आवेदन तहसील लॉगिन पर दिखायी पड़ने लगेगा। पी0एम किसान योजना में बनाये गये तहसील लॉगिन से किसान का विवरण खोलकर देखा जायेगा तथा राजस्व अभिलेखों से मिलान के बाद सही पाये जाने पर तहसील द्वारा स्वीकृत कर दिया जायेगा तत्पश्चात यह आवेदन उस बैंक शाखा के लॉगिन पर चला जायेगा जहॉ पर किसान को किसान सम्मान निधि की किस्त मिलती है और इस प्रकार प्राप्त आवेदन पत्रों पर सम्यक जांचोपरांत स्वीकृत अथवा अस्वीकृत की कार्यवाही की जायेगी जिनके आवेदन पत्र स्वीकृत होगें उनको बैंक द्वारा 15 दिनों में के0सी0सी0 उनके पते पर डाक द्वारा प्राप्त करा दिया जायेगा या कृषक को बुला कर दिया जायेगा। इस ।चचसपबंजपवद ैवजिूंतम की मानीटरिंग के लिये जिलाधिकारी महोदय,उप कृषि निदेशक तथा अग्रणी जिला प्रबंधक को दायित्व दिया गया है जो इस पूरी प्रक्रिया को अपने लॉगिन से देख सकेगें। इस ।चचसपबंजपवद ैवजिूंतम के माध्यम से किसान द्वारा प्रस्तुत आवेदन, तहसील द्वारा किये गये सत्यापन तथा बैंक द्वारा स्वीकृत/अस्वीकृत की कार्यवाही डैशबोर्ड पर प्रदर्शित होगें इस प्रकार कृषि विभाग की अन्य योजनाओं की तरह के0सी0सी0 की ऑन-लाइन पारदर्शी व्यवस्था लागू कर दी गयी है तथा पोर्टल पर आवेदन प्रारंभ हो गये है। सभी इच्छुक कृषक जिनके पास के0सी0सी0 नही है किन्तु किसान सम्मान निधि पा रहें है, इस लिंक के माध्यम से आवेदन कर सकेगें। जिन कृषकों के पास के0सी0सी0 है और खेती के साथ पशुपालन, मत्स्य पालन, दुग्ध उत्पादन का कार्य करते हैं वे इन गतिविधियों को सम्मिलित करते हुये के0सी0सी0 की वित्तीय सीमा भी बढवा सकेगें।

सभी पी0एम0 किसान के लाभार्थियों से अपील है कि के0सी0सी0 हेतु अपना तथा बोये गये क्षेत्र का विवरण सही-सही भरते हुये ऑन-लाइन आवेदन करायें जिससे अस्वीकृति की स्थिति न रहे। यहॉ यह भी उल्लेख करना है कि किसान अपने आवेदन पत्र की स्थिति पोर्टल पर देख सकेगें।

## भारत के प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव का जन्मदिन मनाया गया

**नैनी।** नंदन तालाब स्थित जिला कार्यालय कायस्थ सेना जिलाध्यक्ष का सेना संजय कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जन्मदिन बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महामंत्री कायस्थ सेना रामजी श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष प्रभात मोहन श्रीवास्तव, डा. जेपी श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव, राणा श्रीवास्तव, राजकुमार श्रीवास्तव, केके श्रीवास्तव एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता महेश वर्मा, ध्रुव तिवारी, पं. दामोदर प्रसाद तिवारी, डॉ. सुभाष कुशवाहा, आत्मा यादव, धीरज यादव, राजू शुक्ला आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# आम की फसल को गुजिया एवं मिज कीट से बचाव हेतु करें उपाय

**प्रयागराज।** मुख्य उद्यान विशेषज्ञ, औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र खुशरूबाग ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि प्रदेश में आम की अच्छी उत्पादकता सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण से यह आवश्यक है कि आम की फसल को सम-सामयिक हानिकारक कीटों से बचाने हेतु उचित समय पर प्रबन्धन किया जाय। माह नवम्बर एवं दिसम्बर अत्यन्त महत्वपूर्ण है, इस माह में गुजिया एवं मिज कीट का प्रकोप प्रारम्भ होता है जिससे फसल को काफी क्षति पहुचती है। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उ0प्र0 द्वारा बागवानों को कीट के प्रकार एवं प्रकोप के नियंत्रण हेतु सलाह दी जाती है कि गुजिया कीट के शिशु जमीन से निकल कर पेड़ों पर चढ़ते हैं और मुलायम पत्तियों, मंजरियों एवं फलों से रस चूसकर क्षति पहुचाते हैं। इसके शिशु कीट 1-2 मिमी० लम्बे एवं हल्के गुलाबी रंग के चपटे तथा मादा वयस्क कीट सफेद रंग के पंखहीन एवं चपटे होते हैं। इस कीट के नियंत्रण के लिए बागों की गहरी जुताई/गुड़ाई की जाय तथा शिशु कीट को पेड़ों पर चढ़ने से रोकने के लिए माह नवम्बर-दिसम्बर में आम के पेड़ के मुख्य तने पर भूमि से 50-60 से0मी0 की ऊंचाई पर 400 गेज की पालीथीन शीट की 50 सेमी0 चैड़ी पट्टी को तने के चारों ओर लपेट कर ऊपर व नीचे सुतली से बांध कर पॉलीथीन शीट के ऊपरी व निचली हिस्से पर ग्रीस लगा देना चाहिए, जिससे कीट पेड़ों के ऊपर न चढ़ सके। इसके अतिरिक्त शिशुओं को जमीन पर मारने के लिए दिसम्बर के अंतिम या जनवरी के प्रथम सप्ताह से 15-15 दिन के अन्तर पर दो बार क्लोरीपाइरीफॉस (1.5 प्रतिशत) चूर्ण 250 ग्राम प्रति पेड़ के हिसाब से तने के चारों ओर बुरकाव करना चाहिए। अधिक प्रकोप की स्थिति में यदि कीट पेड़ों पर चढ़ जाते हैं तो ऐसी दशा में मोनोक्रोटोफॉस 36 ई0सी0 1.0 मिली0 अथवा डायमेथोएट 30 ई0सी0 2.0 मि0ली0 दवा को प्रति ली0 पानी में घोल बनाकर आवश्यकतानुसार छिड़काव करें।

इसी प्रकार आम के बौर में लगने वाले मिज कीट मंजरियों, तुरन्त बने फूलों एवं फलों तथा बाद में मुलायम कोपलों में अण्डे देती है, जिसकी सूड़ी अन्दर ही अन्दर खाकर क्षति पहुचाती है। इस कीट के नियंत्रण के लिए यह आवश्यक है कि बागों की जुताई/गुड़ाई की जाय तथा समय से कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करना चाहिए। इसके लिए फेनिट्रोथियान 50 ई०सी० 1.0 मिली0 अथवा डायजिनान 20 ई0सी0 2.0 मि0ली0 अथवा डायमेथोएट 30 ई0सी0 1.5 मिली0 दवा प्रति लीटर पानी में घोलकर बौर निकलने की अवस्था पर एक छिड़काव करने की सलाह दी जाती है।

# जयंती पर याद किए गए प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

**प्रयागराज।** देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती कुलभास्कर आश्रम डिग्री कॉलेज में धूमधाम से मनाई गई। कायस्थ पाठशाला के अध्यक्ष एवं पूर्व महापौर चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह ने कहा कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद छात्रावास उन्हीं के नाम पर है। राजेन्द्र बाबू स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। वह शिक्षाविद के साथ साथ अच्छे एडवोकेट भी थे। 1947 में जब संविधान निर्मात्री सभा का निर्माण किया गया तब आप उसके अध्यक्ष थे। 12 साल तक राजेंद्र बाबू ने राष्ट्रपति पद को सुशोभित किया और भारत के गौरव को बढ़ाया। राजेन्द्र प्रसाद को अमेरिका के राष्ट्रपति केविन हैवर ने सम्मानित भी किया था।

डॉ. राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने वालों में एसडी कौटिल्य, अशोक खरे, अंजना श्रीवास्तव, अनिल कुमार श्रीवास्तव, रमेश चन्द्र श्रीवास्तव, आनंद मोहन श्रीवास्तव, पवन श्रीवास्तव, कुलदीप नारायण श्रीवास्तव शामिल रहे। कालेज की प्राचार्य अर्चना सिन्हा ने चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह का स्वागत किया एवं सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। डॉ. पवन पचौरी ने समारोह का संचालन किया।

# किसान परिवार से जुड़े छात्रों ने निकाली रैली

**प्रयागराज।** किसान परिवार से जुड़े इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्रों ने गुरुवार को कृषि विधेयक के खिलाफ रैली निकाली। पुलिस ने छात्रों को रोकने की कोशिश की तो नोकझोंक हो गई। केंद्र सरकार के कृषि विधेयक के खिलाफ देशभर के किसान आंदोलित हैं। इसी कड़ी में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के ऐसे छात्र जो किसान परिवार से हैं, कृषि विधेयक के खिलाफ सड़क पर उतर आए। किसान का वेश धारण कर छात्रों ने रैली निकाली। पुलिस के विरोध के बावजूद छात्र विश्वविद्यालय से पीसीबी हॉस्टल तक जुलूस की शक्ल में पहुंचे और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।



कृषि विधेयक के खिलाफ रैली निकालते छात्र

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

## मामूली बात पर मार पीट तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मामूली बात को लेकर महिला को मारा पीटा गया। घायल महिला ने तीन के खिलाफ केस दर्ज कराया है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम उधवपुर खगिया निवासनीय मंजू देवी का आरोप है कि मामूली बात को लेकर पडोसी उसे मार पीट कर घायल कर दिए । घायल मंजू देवी ने मऊआइमा थाने में तहरीर देकर राजेश कुमार, शेषमणि, मनोज कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस मुकदमा दर्ज मामले की जांच कर रही है।


## ब्लॉक प्रिंटिंग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**नैनी।** मिशन शक्ति हेतु हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कला कौशल कार्यशाला आयोजित है। छात्राओं के कौशल विकास हेतु आयोजित इस कार्यशाला में बृहस्पतिवार को ब्लॉक प्रिंटिंग प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. सुनंदा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर की आयोजनकर्ता डॉ. रफत अनीस एवं डॉ. नीति सिंह, डा. नीतु सिंह उपस्थित थे। इस शिविर में छात्राओं को ब्लॉक के प्रकार बैकग्राउंड, बॉर्डर व फिलर ब्लॉक दिखाए गए। केंद्रीय डिजाइन और बॉर्डर डिजाइन हेतु उपयुक्त ब्लॉक दिखाने के साथ ही ब्लॉक की प्लेसिंग और कॉम्बिनेशन विधियां दर्शाई गई। ब्लॉक छपाई की प्रक्रिया में डाई प्रिपरेशन, फैब्रिक प्रिपरेशन द्वारा ब्लॉकिंग प्रदर्शित की गई। उक्त जानकारी मीडिया प्रकोष्ठ के डा. भास्कर शुक्ल व डा. अमित कुमार मिश्र ने जानकारी दी।

# 73वें वर्चुअल वार्षिक निरंकारी संत समागम की शुरूआत पांच दिसंबर से

**मानवता का महाकुंभ-संत निरंकारी समागम**

**5 दिसंबर, 2020 को होने जा रहा है शुभारंभ**



**प्रयागराज।** 73वां वार्षिक निरंकारी संत समागम पिछले 72 वर्षों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष विश्व की परिस्थिति को देखते हुए वर्चुअल रुप में आयोजित किया जायेगा। जिस का शुभारंभ शनिवार दिनांक 5 दिसंबर, 2020 को होने जा रहा है। देश एवं विदेश की विविधता से परिपूर्ण संस्कृति एवं संप्रभुता की बहुरंगी छठा इस वर्चुअल संत समागम में देखने को मिलेगी।

इस वार्षिक निरंकारी संत समागम की तैयारियां पूर्ण समर्पण भाव एवं सजगता के साथ, सरकार द्वारा जारी किए गये दिशा निदेशों (जब तक दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं) को ध्यान में रखकर ही की गई हैं। समागम में सम्मिलित प्रतिभागियों द्वारा थर्मल स्क्रीनिंग, मास्क, सेनेटाइजेशन एवं सोशल डिसटेंनसिंग (दो गज दूरी, मास्क है जरूरी) के नियमों का पूर्ण रूप से पालन किया गया, उक्त जानकारी स्थानीय जोनल इंचार्ज श्री अशोक कुमार सचदेव ने दी।

उन्होने कहा कि इस वर्ष मुख्य विषय ह्यस्थिरताह्व पर आधारित गीत, विचार, कविताओं को प्रस्तुत किया जायेगा। यद्यपि यह समागम वर्चुअल रूप में है, फिर भी इसे सजीव रूप देने के लिए मिशन द्वारा दिन-रात अनथक प्रयास किये गये ताकि जब इस का प्रसारण किया जाये तो भक्तों को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रत्यक्ष समागम जैसी ही अनुभूति प्राप्त हो और यह सब सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के दिव्य मार्गदर्शन द्वारा ही संभव हो पाया है।

समागम की झलकियाँ - समागम का प्रारंभ 5 दिसम्बर को सायः 4.30 बजे होगा जिसमें सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज 'मानवता के नाम संदेश' प्रेषित करेंगे। समागम का प्रसारण तीनों दिन (5, 6 एवं 7 दिसम्बर ) मिशन की वेबसाईट पर 4.30 से रात्रि 9.00 बजे तक तथा संस्कार टी.वी. चैनल पर भी 5.30 से रात्रि 9.00 बजे तक प्रसारित किया जायेगा। समागम के तीनो दिन रात्रि के 8.30 से 9.00 बजे तक सद्गुरु माता सुदीक्षा जी अपने दिव्य प्रवचनों द्वारा आशीर्वाद प्रदान करेंगे।

सेवादल रैलीः- समागम के दूसरे दिन 06 दिसम्बर को दोप0 01:00 अजे से 03:00 बजे तक सेवादल रैली एक मुख्य आर्कषण के रूप में मिशन की वेबसाइट एवं संस्कार टी0वी0 चैनल पर प्रसारित की जायेगी।

बहुभाषी कवि दरबार - समागम के तीसरे दिन 07 दिसम्बर को सत्संग कार्यक्रम का मुख्य आर्कषण एक बहुभाषी कवि सम्मेलन होगा। जिसका शिर्षक स्थीर से नाता जोड़के मन का, फिर जीवन को हम सहज बनायेह्व है।

इस समागम का मुख्य उद्देश्य सत्य, प्रेम एवं एकत्व पर आधारित शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व से युक्त मानव समाज का निर्माण करना एवं अपने स्वभाव में स्थिरता को अपनाकर जीवन को सहज व सरल बनाना है।

## संक्षेप समाचार

### अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटा चालक की मौत

**कौशाम्बी।** पश्चिमशरीरा थाना क्षेत्र के कोइली का पूरा गांव के समीप बुधवार रात बेकाबू ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह चालक को बाहर निकाला लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी से पीड़ित परिवार में कोहराम मचा है। बृहस्पतिवार को पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर लाश पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक महेवाघाट थाना क्षेत्र के हिनौता गांव निवासी बेचू लाल उम्र 35 वर्ष ट्रैक्टर चालक था। बुधवार रात वह ट्रैक्टर लेकर पूरब सरावां गांव जा रहा था। इस दौरान पश्चिमशरीरा थाना क्षेत्र के कोइली का पूरा गांव के समीप रात दस बजे ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर चला रहा बेचू इंजन के नीचे दब गया। घटना की जानकारी के बाद इंस्पेक्टर महेवाघाट केपी सिंह व इंस्पेक्टर पश्चिमशरीरा सर्वेश सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने किसी तरह बेचू के शव को बाहर निकलवाया। बृहस्पतिवार को शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### घर का ताला तोड़कर नकदी समेत लाखों की चोरी

**कुंडा।** व्यापारी के घर का ताला तोड़कर चोर नकदी व जेवरात समेत लाखों रुपये का सामान चुरा ले गए। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है।कुंडा नगर पंचायत के अत्तानगर निवासी गुलजार अहमद भगवन तिराहे पर इलेक्ट्रॉनिक सामान का कारोबार करते हैं। बुधवार को वह घर में ताला लगाकर परिजनों के साथ रिश्तेदारी में चले गए। रात में चोर घर का ताला तोड़कर भीतर घुसे। घर में रखे 90 हजार रुपये, सोने-चांदी के जेवरात समेत लाखों रुपये का सामान समेट लिया।

### भाजपा मंडल मान्धाता के नव निर्वाचित अध्यक्ष नवीन विक्रम सिंह

**प्रतापगढ़।** मान्धाता स्थित हनुमान मंदिर परिसर में भाजपा मंडल मान्धाता के अध्यक्ष का चुनाव सम्पन्न हुआ जिसमें सर्वसम्मति से नवीन विक्रम सिंह को अध्यक्ष चुना गया। नवीन विक्रम सिंह के अध्यक्ष चुने जाने पर मान्धाता क्षेत्र के भाजपा कार्यकताओं में खुशी की लहर व्याप्त है।भाजपा कार्यकताओं ने कहा कि नवीन के अध्यक्ष बनने से क्षेत्र में भाजपा संगठन को मजबूती मिली हैं।इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवाकांत दूबे, बाबा अमरनाथ शर्मा,भूपेंद्र बहादुर सिंह,शंभूनाथ मिश्र,रवींद्र सिंह,अरुण सुजल आदि रहे।

# दुर्घटना मे दो की मौत से मचा कोहराम, दो गंभीर

## तहरीर पर अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा

**लालगंज।** क्षेत्र मे अलग अलग हुई मार्ग दुर्घटनाओ मे दो लोगों की घटनास्थल पर जहां मौत हो गयी, वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हुये। कोतवाली लालगंज अन्तर्गत वर्मा नगर चैराहे के समीप रानीगंज कैथौला की ओर से आ रहे ट्रेलर ने बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक चला रहे एकलाक अहमद 42 निवासी किया का पुरवा मऊआइमा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। बाइक पर उसके साथ बैठी उसकी भाभी गुलशन बानो को भी चोटें आयी है। गुलशन बानो की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध कोतवाली लालगंज मे मुकदमा दर्ज हुआ है। घटना इतनी दर्दनाक थी कि शव को पहचानना मुश्किल हो रहा था। ग्रामीणो के सहयोग से पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। ट्रेलर दुर्घटना के बाद भाग निकला। वहीं दूसरी घटना उदयपुर थाना क्षेत्र के बडहुआं के पास घटित हुई। यहां ट्रैक्टर ने बाइक सवार दो युवको को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उदयपुर थाना क्षेत्र के कन्धई पाण्डेय का पुरवा ननौती निवासी अनुज पाण्डेय 25 अपने छोटे भाई आयुष पाण्डेय 18 पुत्र अजेन्द्र कुमार पाण्डेय के साथ जा रहे थे। टैज्क्टर की जोरदार टक्कर मे आयुष पाण्डेय की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गयी। गंभीर रूप से घायल अनुज पाण्डेय को ग्रामीणो की मदद से पुलिस ने एम्बुलेंस की सहायता से सीएचसी सांगीपुर इलाज के लिए भेजवाया। मृतक अपने भाई के साथ मंगापुर मे आयोजित रामचरितमानस के पाठ मे शामिल होने के लिए जा रहा था। घटना को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने वहां जमकर बवाल काटा। घटना की सूचना मिलते ही परिजनो मे कोहराम मच गया। वहीं पुलिस के समझाने पर किसी तरह ग्रामीणो का आक्रोश शांत हुआ।

## स्कूटी सवार भाइयों को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, एक मरा



ट्रैक्टर और स्कूटी की टक्कर के बाद जुटी भीड़

**प्रतापगढ़।** पूजा से वापस आ रहे स्कूटी सवार सगे भाइयों को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से स्कूटी चला रहा बड़ा भाई पहिए के नीचे आ गया जबकि छोटा भाई दूसरे छोर पर जा गिरा। बड़े भाई की मौत हो गई। छोटे भाई को जिला अस्पताल से प्रयागराज रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद ड्राइवर ट्रैक्टर लेकर भाग निकला। बाद में ग्रामीणों की निशानदेही पर पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया।उदयपुर के ननौती के अजेन्द्र पांडेय का 15 वर्षीय बेटा आयुष और 12 वर्षीय अनुज गांव के पास मंदिर पर पूजा में शामिल होकर स्कूटी से घर जा रहे थे। सामने से पड़ोसी गांव पेड़रिया का ट्रैक्टर मिट्टी लादकर आ रहा था। बताया जा रहा कि तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने स्कूटी में टक्कर मार दी जिससे आयुष ट्रैक्टर के पहिए के नीचे आ गया और उसकी मौत हो गई। अनुज बुरी तरह घायल हो गया। ड्राइवर ट्रैक्टर सहित फरार हो गया। नाराज ग्रामीणों ने ड्राइवर के घर पहुंचकर ट्रैक्टर में तोड़फोड़ करने के साथ उसे जलाने की कोशिश की। हालांकि पुलिस ने किसी तरह हालात को संभाल लिया और ट्रैक्टर लेकर थाने चली गई। चार बहन और तीन भाई में छठवें नम्बर का आयुष पड़ोस के लाल बसन्त इंटर कॉलेज दौलतपुर में कक्षा 11 का छात्र था। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपित ड्राइवर की गिरफ्तारी की मांग करते हुए शव को पुलिस को देने से इंकार कर दिया। मौके पर उदयपुर, सांगीपुर तथा लालगंज पुलिस के साथ सीओ जगमोहन पहुंचे और ग्रामीणों को समझा कर शांत कराने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया।

# वाहन की टक्कर से दंपती समेत छह घायल

**कुंडा ।** मासूम बेटे संग रिश्तेदारी से घर लौट रहे दंपती तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गए। अन्य घटनाओं में तीन लोग जख्मी हुए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। तीन की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने रेफर किया है।मानिकपुर थाना क्षेत्र के बबुल्लापुर बड़गौं निवासी शिवराम प्रजापति (36) बाघराय इलाके में दावत में गया था। गुरुवार को दोपहर में वह पत्नी दीक्षा (32) और बेटे ईशू (5) के साथ बाइक से घर लौट रहा था। चैरा चैराहे के पास तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। सभी लोग बाइक समेत सड़क पर गिरे और गंभीर रूप से घायय हो गए। आसपास के लोगों ने सबको सीएचसी भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद भी हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने स्वरूपरानी अस्पताल रेफर कर दिया।मानिकपुर के बल्दी का पुरवा कुशाहिलडीह निवासी रामबाबू अपनी पत्नी फूला देवी (32) के साथ साइकिल से कुंडा आया था। करेटी रोड पर बाइक सवार ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे फूला सड़क पर गिरी और सिर में गंभीर चोटें आईं। रामबाबू ने पत्नी को सीएचसी में भर्ती कराया है। बाघराय का विवेक प्रताप सिंह (31) बाइक से जा रहा था। वाहन की टक्कर से घायल होने पर सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जाजूपुर निवासी राहुल पटेल (18) बाइक से जा रहा था। वाहन की टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

# पंद्रह–पंद्रह हजार के तीन इनामिया को पुलिस ने दबोचा

## मोहब्बतपुर पाइंसा पुलिस द्वारा पकड़े गए इनानिया लूट के वारदात मे थे वांछित



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

**कौशाम्बी।**मोहब्बतपुर पइंसा पुलिस ने तीन इनमिया बदमाशो को गिरफ्तार किया है पुलिस का दावा है कि तीनों इनमिया बदमाशो पर पन्द्रह पन्द्रह हजार का इनाम घोषित था। मोहब्बतपुर पाइंसा थाना क्षेत्र में आतंक का पर्याय बने लुटेरों को थाना पुलिस ने दबोच लिया काफी दिनों से वांछित चल रहे इन बदमाशों पर जिला पुलिस के द्वारा पंद्रह हजार रूपए का इनाम भी घोषित किया गया था। इन अपराधियों की लंबे समय से पुलिस तलाश रही थी लेकिन अपराधी पुलिस को चकमा देकर फरार हो रहे थे बीती रात इन लुटेरों को पुलिस ने दबोच लिया है और लुटेरों की गिरफ्तारी पर पुलिस अधिकारियों ने सराहना की है। मामले का खुलासा करते हुए क्षेत्राधिकारी रामवीर सिंह ने बताया कि अपराधियों के धर पकड़ के लिए एसपी अभिनंदन के निर्देश पर अभियान चलाया जा रहा है इस क्रम में थानाध्यक्ष मोहब्बतपुर पइंसा महेश मिश्रा को गुरुवार सुबह मुखबिर से सूचना मिली कि लूट की वारदात मे वांछित 2 ईनामिया गिरजेश सिंह यादव पुत्र धर्म सिंह व विकास सिंह यादव पुत्र अर्जुन सिंह थाना क्षेत्र के रामसहाईपुर पुलिया के पास मौजूद हैं। सूचना पर तत्काल सक्रिय होकर थाना पुलिस ने इन्हे घेर कर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान बदमाशों के कब्जे से पुलिस ने 1 तमंचा 1 कारतूस और लूट का 3400 रुपया बरामद किया है थोड़ी ही देर मे थाना पुलिस को फिर सूचना मिली कि कोखराज थाना क्षेत्र मे आधा दर्जन मुकदमों में वांछित गैंगस्टर धर्मेंद्र पटेल उर्फ छोटू पइंसा थाना अंतर्गत नारा मोड़ के पास किसी वारदात को अंजाम देने के लिए मौजूद है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष ने टीम के साथ घेराबंदी कर उसे भी दबोच लिया।

# समय सीमा में निस्तारित हो सैनिकों की समस्या : डीएम

## तमाम सैनिकों ने बैठक में दर्ज कराई थाना तहसील के तानाशाही की शिकायत



सैनिकों की बैठक को सम्बोधित करते जिलाधिकारी।

**कौशाम्बी।** डीएम अमित कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टेट स्थित सम्राट उदयन सभागार में जिला सैनिक बन्धु की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने भूतपूर्व सैनिकों, सेवारत सैनिकों एवं उनकी विधवाओं की समस्याओं को समय से निस्तारित करने का निर्देश दिया है।उन्होने कहा कि सैनिकों की समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदाशीनता क्षम्य नहीं होगी। उन्होने सैनिकों के लाइसेन्स एवं जमीनी विवाद को समय सीमा के अन्दर निस्तारित कराये जाने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया है।

इस अवसर पर संजीव कुमार पाण्डेय पुत्र स्व0 ज्योतिष प्रसाद पाण्डेय निवासी ग्राम चरवा की भूमिधरी जमीन पर से झरी पुत्र मंगल आदि के द्वारा जबरन रास्ता बनाये जाने की शिकायत किये जाने पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी चायल को मौका मुआयना करते हुए समस्या को तत्काल निस्तारित कराये जाने का निर्देश दिया है। इसी तरह से अगम सिंह निवासी ग्राम अमवा नेवादा चायल ऑल इण्डिया शस्त्र लाइसेंस का रिनुअल न करने की शिकायत किये जाने पर जिलाधिकारी ने उनके लाइसेंस का रिनुअल तत्काल कराये जाने का निर्देश शस्त्र अधिकारी को दिया है। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट कर्नल सुधीर कुमार चौधरी उप जिलाधिकारी चायल श्रीमती ज्योति मौर्या, वरिष्ठ कोषा धिकारी मनोज त्रिपाठी सहित भूतपूर्व सैनिकों सहित अन्य संबधित विभागों के अधिकारी एव कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल वितरित करते जिलाधिकारी

# दिव्यांगजनों को जिलाधिकारी ने प्रदान की ट्राईसाइकिल

## विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया कार्यक्रम

कौशाम्बी। जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह ने बृहस्पतिवार को ह्यह्यविश्व दिव्यांग दिवसह्लह्ल के अवसर पर 25 दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल प्रदान की। जिलाधिकारी ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा निःशुल्क दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण उपलब्ध कराये जाते हैं, जिन दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण ट्राईसाइकिल विगत 03 वर्षों से नही प्राप्त हुयी हो वो अपना दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड व आय प्रमाण पत्र एवं दिव्यांगता प्रदर्शित फोटो के साथ दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय, विकास भवन में अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी विजय कुमार, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अभिषेक उपाध्याय, सुजान सिंह सेंगर आदि लोग उपस्थित रहें।

# मिशन प्रेरणा को सफल बनाने के लिए कार्यशाला आयोजित




प्रा0 वि0 विश्वनाथगंज में आयोजित कार्यशाला

**प्रतापगढ़।** प्रा0 वि 0 विश्वनाथगंज प्रथम में मिशन प्रेरणा को सफल बनाने के लिए न्याय पंचायत सहेरूआ के प्रधानाध्यापकों एवम संकुल शिक्षकों की एक कार्यशाला का आयोजन हुआ।कार्यशाला की अध्यक्षता श्रीमती अरुणा ओझा यू पी एस ने किया।कार्यशाला में विद्यालय को प्रेरक बनाने के लिए प्रेरणा लक्ष्य,प्रेरणा सूची व प्रेरणा तालिका सहित तीनों माड्यूलों आधारशिला,ध्यानाकर्षण और शिक्षक संग्रह पर चर्चा की गई।चर्चा के दौरान ए आर पी राजेश प्रताप सिंह ने प्रेरणा लक्ष्य की अवधारणा को स्पष्ट किया और बताया कि हमारे संकल्प की जरूरत है,लक्ष्य बहुत आसान है।शिक्षा में मात्र 5:की वृद्धि से हमारा विद्यालय समाज का प्रेरणास्रोत होगा जिसकी परिकल्पना उत्तर प्रदेश सरकार ने की है।अब दिखने भी लगा है कि विद्यालयों में आमूल चूल परिवर्तन दिख रहे हैं और हम आप मिलकर नवंबर 2021 तक ब्लॉक को प्रेरक बना लेंगे।बैठक में उपस्थित एस आर जी आशुतोष निर्मल ,ए आर पी सत्यजीत सिंह ने प्रेरणा तालिका और प्रेरणा सूची पर विस्तृत जानकारी दी।ध्यानाकर्षण पर ए आर पी सत्यजीत सिंह ने परिचर्चा की।ए आर पी वीरेंद्र यादव ने टाइम एंड मोशन पर विस्तृत चर्चा की।कार्यक्रम में न्याय पंचायत के सभी शिक्षक संकुल , प्रधानाध्यापक व नवनियुक्त अध्यापकों ने प्रतिभाग किया। संचालन करते हुए ए आर पी राजेश प्रताप सिंह ने कहा कि टाइम एंड मोशन का कड़ाई से पालन करना हमारा दायित्व है तथा कोविड-19 की परिस्थिति में शिक्षा को अबाध गति से चालू रखने के लिए अभिभावकों के माध्यम से शिक्षण सामग्री को प्रेषित करना हमारा कर्तव्य है। सहेरूआ न्याय पंचायत के शिक्षको ने नौनिहालों का भविष्य सवांरने का लिया संकल्प।

## डंपर की टक्कर से सगे भाई घायल

**प्रतापगढ़।** डंपर की टक्कर से सगे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सीएचसी ले जाया गया। वहां से एक की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।रानीगंज थाना क्षेत्र के बीजेमऊ निवासी राजकुमार विश्वकर्मा (45) व प्रेम कुमार विश्वकर्मा (35) सगे भाई हैं। गुरुवार सुबह दोनों टहलने के लिए निकले थे। इस दौरान पट्टी की तरफ से आ रहे डंपर की टक्कर से दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर मारकर भाग रहे डंपर को भीड़ ने रोकवाकर ड्राइवर राजेंद्र कुमार (32) निवासी मऊ आइमा की जमकर पिटाई कर दी। सभी को घायल हालत में रानीगंज सीएचसी ले जाया गया। वहां से राजकुमार की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। ड्राइवर सहित वाहन को पुलिस अपने साथ ले गई।



अपना दल द्वारा निकाली गई कमरा चेतना यात्रा

# जारी है अपना दल की कमेरा चेतना पदयात्रा कार्यक्रम

**किसानों एंव नौजवानों की बात जिम्मेदारों तक पहुंचाने की चल रही कवायद**

**प्रतापगढ़।** अपना दल की कमेरा चेतना पदयात्रा अपना दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष पल्लवी पटेल के नेतृत्व में 48 वें दिन सदर विधानसभा क्षेत्र के पूरे अंती स्थित रामसुंदर दास जूनियर हाई स्कूल से प्रारंभ होकर पूरे अंती बाजार पहुंची। बाजार से गुजर रही रथ यात्रा को देखकर स्थानीय प्रतिष्ठित व्यवसाई राम सजीवन वर्मा ने श्रीमती पटेल का स्वागत कर रथ यात्रा को आगे की ओर रवाना किया। रथयात्रा चलकर जिला मुख्यालय पहुंची जहां पर होटल स्नेह में श्रीमती पटेल ने प्रेस को संबोधित करते हुए किसानों व मजदूरों तथा नौजवानों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने के लिए पत्र प्रतिनिधियों से अपील की इस दौरान क्षेत्र के तमाम कार्यकर्ता, पदाधिकारी तथा महिलाएं शामिल रहीं।

# वंचित एवं बेसहारा लोगों को न्याय दिलाने में अधिवक्ताओं की भूमिका अहम

**प्रतापगढ़।** देश के प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती पर तहसील सभागार मे अधिवक्ता दिवस का आयोजन किया गया। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अध्यक्षता मे आयोजित समारोह मे वरिष्ठ अधिवक्ताओं को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए नवदैनान्दिनी एवं अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे अधिवक्ताओं ने कहा कि डा. राजेन्द्र प्रसाद देश के प्रथम राष्ट्रपति होने के साथ ही अधिवक्ता भी थे। इस दिवस को अधिवक्ता समाज अधिवक्ता दिवस के रूप मे आयोजित कर उन्हें याद करता है। कार्यक्रम मे पूर्व अध्यक्ष राममोहन सिंह, अजय शुक्ल गुडडू, रामलगन यादव, राव वीरेन्द्र सिंह, विकास मिश्र, अनूप पाण्डेय, रामकुमार पाण्डेय, विनय शुक्ल, अवनीश पाण्डेय, शैलेन्द्र सिंह, हरिशंकर द्विवेदी, शहजाद अंसारी ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज के पिछडे दीन-हीन वर्ग को न्याय दिलाना ही अधिवक्ताओं का परम दायित्व है। देश की आजादी से लेकर समाज मे हो रही कुरीतियो के विरूद्ध जब भी जरूरत पड़ी तब-तब अधिवक्ताओं ने आगे बढ़कर समाज को नई दिशा दिलाकर वंचित एवं शोषित लोगों की आवाज बनकर समाज को नई दिशा दी है। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने आयोजन समिति की ओर से अधिवक्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि अधिवक्ता न्याय व कानून का जानकार होने के कारण विधि मे स्थापित संविधान की मूल अवधारणा के अनुरूप पीडितो को न्याय दिलाने के लिए सदैव सजग रहते हुए अपने कर्तव्य को अंजाम देता रहा है और इस पेशे को एक मिशन के रूप मे लेने का आहवान अधिवक्ताओं से किया।

### तीसरे दिन भी रहा पारे में उछाल, हवा से ठंड

**प्रतापगढ़।** लगातार तीसरे दिन रात व दिन के तापमान में उछाल देखने को मिला। दिन में धूप तो खिली लेकिन बादल भी बने रहे। इससे लोगों ने ठंड महसूस की। पुरवा हवा के तेज चलने से लोग परेशान रहे।बीते तीन दिन से रात व दिन के तापमान में मामूली उछाल देखा गया। गुरुवार को भी अधिकतम व न्यूनतम तापमान में एक डिग्री सेल्सियस से अधिक का उछाल रहा। सुबह बादल और तेज हवा की मौजूदगी से ठंड ने लोगों को परेशान किया। धूप खिली तो ठंड से लोगों को राहत मिली। गुनगुनी धूप सेंकने के लिए लोग घर से बाहर निकले। हालांकि तेज हवा के आगे ठंड ने भी अपना असर दिखाया।

# ग्रामीणों के लिए वरदान साबित होगा जल जीवन मिशन : ब्रांड एंबेसडर



पर्यावरण सेना द्वारा हैंसी परजी गाँव में आयोजित पाठशाला

**प्रतापगढ़।** पर्यावरण सेना द्वारा मान्धाता ब्लॉक के हैसी पणजी गांव में पानी पाठशाला का आयोजन के ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल अपनाने के साथ ही वर्षा जल संचयन और जल संरक्षण के लिए जागरुक किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे अधिशाषी अभियंता घनश्याम द्विवेदी ने कहा कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हर घर नल,हर घर जल अभियान के तहत सभी कनेक्सन धारकों को शुद्ध पेयजल घर तक टोटी के माध्यम से पहुंचाया जाएगा। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति आधार की छायाप्रति देकर मुफ्त में कनेक्सन ले सकता है। मुख्य वक्ता के रूप में जल शक्ति अभियान के ब्रांड एंबेसडर एवं पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी ने कहा कि ग्रामीणों के लिए जल जीवन मिशन वरदान साबित होगा।उन्होंने कहा कि बूंद बूंद पानी बचाने से ही जीवन बचेगा।अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण को संतुलित बनाने से धरती पर जीवन बना रहेगा।इस मौके पर अजय क्रांतिकारी ने सभी को जल संरक्षण, स्वच्छता और पर्यावरण की रक्षा का संकल्प दिलाया।